>

Title: Need to restart the computer education for poor students in Schools.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलिपुत्र): सर, धन्यवाद । मेरे ऊपर इनकी अपार कृपा है । यह बाबा भोले हैं । यह सबके लिए हैं । बाबा भोले की जय ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका और साथ ही साथ सरकार का ध्यान उन कम्प्यूटर पढ़ने वाले बच्चो की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओड़िशा, पंश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और गुजरात जैसे राज्यों में सरकार ने बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा देने के लिए एक स्कीम चलाई थी । वह स्कीम आईसीटीआई स्कूल के बच्चों को पढ़ाने के लिए थी । इसके अंतर्गत माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर की पढ़ाई होती थी । कुछ वर्षों के बाद कम्प्यूटर शिक्षा समाप्त कर दी गई, क्योंकि सरकार की स्कीम बंद हो गई थी । इसे कई राज्य चला रहे हैं और कई राज्य नहीं चला रहे हैं । मैं समझता हूं कि विगत चार वर्षों से बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कम्प्यूटर की शिक्षा ठप्प पड़ी हुई है । मैं समझता हूं कि बच्चों का भविष्य अंधकार में है ।

सर, आज कम्प्यूटर युग आ गया है और बचपन से ही बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा मिले, इसके लिए हर आदमी, चाहे वह गरीब हो या अमीर, सब चाहते हैं कि उनके बच्चे कम्प्यूटर की पढ़ाई करें । कम्प्यूटर के बिना आदमी का जीवन अधूरा है । विगत वर्षों में सरकार ने इस स्कीम को बंद कर दिया था, जबकि हमारे पास पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर है । आपके प्रदेश में भी इंफ्रास्ट्रक्चर होगा, लेकिन वहां पर पढ़ाई बंद है । हजारों शिक्षक जो इस पढ़ाई से जुडे हुए थे, जो कम्प्यूटर की पढ़ाई करवाते थे, वे बेरोजगार हो गए हैं ।बच्चे भी कम्प्यूटर शिक्षा के अभाव में, खासकर गरीब और गांव के बच्चे, बहुत परेशानी में हैं ।

मैं, आपके माध्यम से, शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आप अविलम्ब बच्चों पर ध्यान दीजिए । इससे जहां कम्प्यूटर के शिक्षक बेरोजगार हो गए हैं, उनको रोजगार मिलेगा, वहीं कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों को एक नया जीवन देने का काम भी करेगा । मैं यह निवेदन करूंगा कि अविलम्ब हस्तक्षेप करके इस स्कीम पर विचार कीजिए और इसे पूरे देश में चलाइए । धन्यवाद ।